# मयंक की जन्मशती पर परिसंवाद का आयोजन

नई दिल्ली। बाल साहित्यकार चंद्रपाल सिंह यादव मयंक की जन्मशती पर साहित्य अकादमी की ओर से परिसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में मयंक के साहित्य और बाल साहित्य में उनके योगदान पर विस्तार से चर्चा की गई। उस दौरान साहित्य अकादमी के सचिव के. श्रीनिवासराव, मयंक की पुत्री उषा यादव, क्षमा शर्मा, ओमप्रकाश कश्यप, योगेंद्र दत्त शर्मा समेत अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत श्रीनिवासराव के स्वागत भाषण से हुई। मयंक की पुत्री उषा यादव ने अपने पिता के जीवन से जुड़ी यादों को साझा कर श्रोताओं को भावुक कर दिया। इसके अलावा क्षमा शर्मा ने मयंक की कहानियों की सराहना की। साथ ही, शकुंतला कालरा ने उनकी कविताओं में दया और करुणा जैसे संदेश को उजागर किया। वहीं, कार्यक्रम का संचालन उपसचिव देवेंद्र कुमार देवेश ने किया। ब्यूरो